INTERMEDIATE (IPC)
GROUP I - PAPER 3
COST ACCOUNTING
& FINANCIAL MANAGEMENT

MAY 2019

Roll No. ..........................

Total No. of Questions – 7 | Total No. of Printed Pages – 24

Time Allowed – 3 Hours | Maximum Marks – 100

# RKW2 (H)

**Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate who has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.**

**Question No. 1 is compulsory.**

**Answer any five questions from the remaining six questions.**

**Working notes should form part of the answers.**

**Marks**

1. Answer the following: **4×5 =20**

(a) Omega Ltd manufactures a product, currently utilising 75% capacity with a turnover of ₹ 99,00,000 at ₹ 275 per unit. The cost data is as under :

| | Amount ( ₹) |
|---|---|
| Direct Material per unit | 96 |
| Direct wages per unit | 42 |
| Variable overhead per unit | 18 |
| Semi-variable overheads | 7,32,000 |
| P/V ratio | 40% |

Fixed overhead cost is ₹ 28,81,000 upto 80% level of activity, beyond this level, an additional ₹ 2,38,500 will be incurred.

Required :

(i) Break-even point in units and activity level at Break-even point.

(ii) Number of units to be sold to earn profit of ₹ 25 per unit.



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(b) A manufacturing company has added a new machine to its fleet of eleven existing machines. New machine is purchased for ₹ 12,70,000 with installation cost of ₹ 40,000. The machine has an estimated life of 10 years and is expected to realise ₹ 90,000 as scrap at the end of its useful life. Other relevant data are as follows :

(i) Budgeted annual working hours are 2,400 based on 8 hours per day for 300 days. This includes 180 hours for plant maintenance and 120 hours of productive set-up time.

(ii) Electricity used by the new machine is 12 units per hour at a cost of ₹ 6.50 per unit. No current is drawn during maintenance and setup.

(iii) Three operators control the operations of all the twelve machines and average rate of wages per operator per day is ₹ 600 and production bonus is 10% of wages.

(iv) Annual insurance premium for the new machine is ₹ 12,600.

(v) Annual maintenance cost of new machine including consumable stores is ₹ 32,500.

(vi) Rent of the factory is ₹ 24,000 per month. Area occupied by new machine 200 sq ft. and area occupied by other machines is 2800 sq ft.

Required : Compute the comprehensive machine hour rate.

(c) The capital structure of Bright Ltd. as on 31.03.2019 is as follows :

| | ₹ in lakhs |
|---|---|
| Equity share capital : 7,50,000 equity shares of ₹ 100 each | 750 |
| Retained Earnings | 250 |
| 13.5% Preference share capital | 240 |
| 12.5% Debentures | 360 |

The current market price per equity share is ₹ 350. The prevailing default risk free interest rate is 6% and rate of return on market portfolio is 15%. The Beta of the company is 1.289.

The corporate tax rate is 30%. The average tax rate of shareholders is 25% and brokerage cost is 2% that they have to pay while investing dividends in alternative securities.

Required : Calculate the weighted average cost of capital on the basis of book value weights.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(d) HT Ltd. has sales of ₹ 960 lakhs. Selling price per unit is ₹ 80 and variable operating cost is 75% of selling price and average cost per unit is ₹ 70. The cost of funds is 12%. Average collection period is 75 days, bad debt losses are 4% of sales and collection expenses are ₹ 15.60 lakhs. Company is considering whether collection policies should be made strict. Due to rigorous collection procedures, sales are expected to decline to ₹ 920 lakhs. Average collection period will reduce to 60 days and bad debts will reduce to 2.5% of sales. Annual collection expenses will increase to ₹ 22.50 lakhs.

Required : Should the company carry out the proposal ?

(Assume 360 days in a year and investment in debtors are calculated on total cost)

2. (a) ACE Ltd. produces a product EMM using a material 'REX'. To produce one unit of EMM 0.80 kg of 'REX' is required. As per the sales forecast conducted by the company it will able to sell 45600 units of product EMM in the coming year. There is an opening stock of 3150 units of product EMM and company desires to maintain closing stock equal to one month's forecasted sale. Following is the information regarding material 'REX' : 8

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Purchase price per kg | ₹ 25 |
| (ii) | Cost of placing order | ₹ 240 per order |
| (iii) | Storage cost | 2% per annum |
| (iv) | Interest rate | 10% per annum |
| (v) | Average lead time | 8 days |
| (vi) | Difference between minimum and maximum lead time | 6 days |
| (vii) | Maximum usage | 150 kg |
| (viii) | Minimum usage | 90 kg |

Opening stock of material 'REX' is 2100 kg and closing stock will be 10% more than opening stock.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

Required :

(i) Compute the EOQ and total cost as per EOQ.

(ii) Compute the reorder level and maximum level.

(iii) If the company places an order of 7500 kg of REX at a time, it gets 2% discount, should the offer be accepted ?

(b) Aar Cee Manufacturing Co. is considering a proposal to replace one of its existing machine by the CNC machine. In this connection the following information is available : **8**

The existing machine was bought 3 years ago for ₹ 15,40,000. It was depreciated on straight line basis and has a remaining useful life of 7 years. It's annual maintenance cost is expected to increase by ₹ 40,000 from the sixth year of its installation. It's present realisable value is ₹ 6,50,000.

The purchase price of CNC machine is ₹ 27,00,000 and installation expenses of ₹ 95,000 will be incurred. Subsidy equal to 15% of the purchase price will be received at the end of first year of its installation. It is subject to same rate of depreciation. It's realisable value after 7 years is ₹ 5,70,000. With the CNC machine, annual cash operating costs are expected to decrease by ₹ 2,16,000. In addition, CNC machine would increase productivity on account of which net cash revenue would increase by ₹ 2,76,000 per annum.

The tax rate applicable to firm is 30% and cost of capital is 11%.

Required :

Advise the firm whether to replace the existing machine with CNC machine on the basis of net present value.

The present value factor at 11% are as follows :

| Year | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PV @ 11% | 0.901 | 0.812 | 0.731 | 0.659 | 0.593 | 0.535 | 0.482 |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (a) Following information relates to labour of KAY PEE Ltd : 8

| | Skilled | Semi-skilled | Unskilled | Total |
|---|---|---|---|---|
| Number of workers in standard gang | 12 | 8 | 5 | 25 |
| Standard rate per hour (₹) | 75 | 50 | 40 | – |
| Number of workers in actual gang | | | | 25 |
| Actual rate per hour (₹) | 80 | 48 | 42 | |

The standard output of gang was 12 units per hour of the product M. The gang was engaged for 200 hours during the month of March 2019 out of which 20 hours were lost due to machine breakdown and 2295 units of product M were produced. The actual number of skilled workers was 2 times the semi-skilled workers. Total labour mix variance was ₹ 10800 (A).

You are required to calculate the following:

(i) Actual number of workers in each category.

(ii) Labour rate variance.

(iii) Labour yield variance.

(iv) Labour efficiency variance



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) Using the information given below, complete the Balance Sheet of PQR Private Limited : **8**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Current ratio | 1.6 : 1 |
| (ii) | Cash and Bank balance | 15% of total current assets |
| (iii) | Debtors turnover ratio | 12 times |
| (iv) | Stock turnover (cost of goods sold) ratio | 16 times |
| (v) | Creditors turnover (cost of goods sold) ratio | 10 times |
| (vi) | Gross profit ratio | 20% |
| (vii) | Capital gearing ratio | 0.6 |
| (viii) | Depreciation rate | 15% on W.D.V. |
| (ix) | Net fixed Assets | 20% of total assets |

(Assume all purchase and sales are on credit)

Balance Sheet of PQR Private Limited As at 31.03.2019

| Liabilities | | ₹ | Assets | | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | | 25,00,000 | **Fixed assets** | | |
| Reserve & surplus | | ? | Opening wdv | ? | |
| 12% Long term debt | | ? | Less: Depreciation | ? | ? |
| **Current liabilities** | | | | | |
| Creditors | ? | | Current Assets | | |
| Provisions & outstanding expenses | ? | 68,50,000 | Stock | ? | |
| | | | Debtors | ? | |
| | | | Cash and bank balance | ? | ? |
| **Total** | | ? | **Total** | | ? |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

4. (a) Following are the information given by owner of M/s. Moonlight Co. running a hotel at Manali. You are requested to advise him regarding the rent to be charged from his customer per day so that he is able to earn 20% profit on cost other than interest. **8**

(i) Staff salaries ₹ 4,00,000.

(ii) The Room Attendant's salary is ₹ 10 per day. The salary is paid on daily basis and the services of room attendant are needed only when the room is occupied. There is one room attendant for one room.

(iii) Lighting, Heating and Power :

(a) The normal lighting expenses for a room if it is occupied for the whole month is ₹ 250.

(b) Power is used only in winter and normal charge per month if occupied for a room is ₹ 100.

(iv) Repairs to Building ₹ 50,000 per annum.

(v) Linen etc. ₹ 24,000 per annum.

(vi) Sundries ₹ 70,770 per annum.

(vii) Interior decoration and furnishing ₹ 50,000 per annum.

(viii) Cost of Building ₹ 20,00,000, rate of depreciation 5%.

(ix) Other Equipments ₹ 5,00,000, rate of depreciation 10%.

(x) Interest @ 5% may be charged on its investment of ₹ 25,00,000 in the building and equipment.

(xi) There are 200 rooms in the hotel and 90% of the rooms are normally occupied in summer and 40% of the rooms are occupied in winter. You may assume that period of summer and winter is six months each. Normal days in a month may be assumed to be 30.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) Vikalp Ltd. provides you the following information for the year ending 31.03.2019 : **8**

| | Amount (₹) |
|---|---|
| Earnings before interest and tax | 28,80,000 |
| Less : Interest on long-term loans @ 12% | 2,70,000 |
| Interest on Debentures @ 10% (Debentures issued on 01.08.2018) | 3,60,000 |
| Earnings before tax | 22,50,000 |
| Less: Tax @ 30% | 6,75,000 |
| Earnings after tax | 15,75,000 |
| 6,30,000 equity shares (of ₹ 10 each) | |
| Ruling market price per share | 24 |
| Undistributed reserves and surplus | 60,50,000 |

The company needs to raise ₹ 30,00,000 for modernisation of its plants and has the following options of raising the funds :

(i) Raise the entire funds by 13% long-term loan or

(ii) Raise partly by issue of 75,000 equity shares @ ₹ 20 per share and the balance by 11 % debentures.

The company expects the rate of return on funds employed to be improved by 3% because of modernisation and that if Debt Equity ratio (Debt /Debt + Equity) exceeds 45%, then price earnings ratio is to go down by 15%.

Required : If the company is to follow policy of maximising the market value of equity share, which option should it choose ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

5. (a) Distinguish between cost control and cost reduction. 4×4 =16

(b) Differentiate between job costing and batch costing. Name three such industries where these are used.

(c) Explain the functions of a Chief Financial Officer.

(d) Write any four differences between Cash Flow Statement and Funds Flow statement.

6. (a) The net loss of Waywell Ltd. appeared at ₹ 1,18,500 as per cost records for the year ending 31.03.2019. The following information was revealed as a result of scrutiny of the figures of financial and cost records : 8

| | | Amount (₹) |
|---|---|---|
| Factory overheads over absorbed in cost accounts | | 32,500 |
| Administrative overheads under absorbed in cost accounts | | 38,250 |
| Depreciation charged in financial accounts | | 4,55,800 |
| Depreciation recovered in cost accounts | | 4,99,700 |
| Loss due to obsolescence charged in financial accounts | | 11,400 |
| Income tax provision made in financial accounts | | 32,650 |
| Interest on investments not included in cost accounts | | 96,000 |
| Store adjustment (Credit) in financial accounts | | 12,800 |
| Value of opening stock in | Cost accounts | 18,85,600 |
| | Financial accounts | 19,62,500 |
| Value of closing stock in | Cost accounts | 21,15,800 |
| | Financial accounts | 21,98,900 |
| Imputed rent charged in cost accounts | | 1,80,000 |
| Selling and distribution expenses not charged in cost accounts | | 72,450 |
| Donation to Prime Minister Relief Fund | | 11,000 |
| Loss on sale of furniture | | 7,250 |
| Bad debts written off | | 18,300 |

Required : Prepare a reconciliation statement and arrive at the profit or loss as per financial accounts.



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(b) Calculate the amount of working capital required for XYZ Ltd. from the following information : **8**

| Elements of Cost | Per unit (₹) |
|---|---|
| Raw Material | 80.00 |
| Direct Labour | 30.00 |
| Overheads | 60.00 |
| Total Cost | 170.00 |
| Profit | 30.00 |
| Sales | 200.00 |

Raw materials are held in stock on an average for one month. Work-in progress (completion stage 50 per cent), on an average half a month. Finished goods are in stock on an average for one month. Credit allowed by suppliers is one month and credit allowed to debtors is two months. Time lag in payment of wages is 1½ weeks. Time lag in payment of overheads is one month. One fourth of the sales are made on cash basis.

Cash in hand and at bank is expected to be ₹ 50,000.

You are required to prepare statement showing the working capital needed to finance a level of activity of 52,000 units of production. Assume that production is carried on evenly throughout the year and wages and overhead accrue similarly. For the calculation purpose 4 weeks may be taken as equivalent to a month and 52 weeks in a year.



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) Describe the remedial steps to be taken to minimize the labour turnover.

(b) Distinguish between Financial Lease and Operating Lease.

(c) "Operating risk is associated with cost structure, whereas financial risk is associated with capital structure of a business concern." Critically examine this statement.

(d) Explain the following terms :

(i) Debt Securitisation

(ii) Uniform costing

(e) What are the cases where flexible budget is found suitable ?

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

**(Hindi Version)**

**उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं। वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा।**

**प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।**
**शेष छः प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होने चाहिए।**

**Marks**

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए : **4×5 =20**

(a) ओमेगा लिमिटेड वर्तमान में 75% क्षमता स्तर का इस्तेमाल करते हुए एक वस्तु का निर्माण करती है जिसकी ₹ 275 प्रति इकाई की दर से कुल बिक्री ₹ 99,00,000 है। लागत आँकड़े निम्नलिखित हैं :

| | राशि ( ₹) |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री प्रति इकाई | 96 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी प्रति इकाई | 42 |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय प्रति इकाई | 18 |
| अर्द्ध–परिवर्तनशील उपरिव्यय | 7,32,000 |
| लाभ–मात्रा अनुपात | 40% |

स्थायी उपरिव्यय लागत 80% क्रियाशीलता के स्तर तक ₹ 28,81,000 है, इसके पश्चात् अतिरिक्त ₹ 2,38,500 व्यय होंगे।

अपेक्षित है :

(i) सम–विच्छेद बिंदु इकाइयों में एवं सम–विच्छेद बिन्दु पर क्रियाशीलता का स्तर।

(ii) ₹ 25 प्रति इकाई लाभ अर्जित करने के लिए विक्रय इकाइयों में।



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) एक निर्माणी कम्पनी ने अपनी 11 विद्यमान मशीनों के बेड़े में एक नयी मशीन जोड़ी है । नयी मशीन ₹ 12,70,000 में खरीदी गई है जिसकी स्थापना लागत ₹ 40,000 है । मशीन का अनुमानित जीवन 10 वर्ष है और इसके कार्यशील जीवन की समाप्ति पर स्क्रैप से ₹ 90,000 वसूल होने की सम्भावना है । अन्य सम्बन्धित सूचनाएँ निम्न प्रकार हैं :

(i) 8 घण्टे प्रतिदिन के अनुसार 300 दिनों के लिए बजटेड वार्षिक कार्यशील घण्टे 2,400 हैं । इसमें संयंत्र के रखरखाव के 180 घण्टे और उत्पादन के लिए सैट करने के 120 घण्टे शामिल हैं ।

(ii) नयी मशीन द्वारा प्रयुक्त विद्युत 12 यूनिट प्रति घण्टा है और लागत ₹ 6.50 प्रति यूनिट है । रखरखाव और सैट-अप के दौरान कोई करन्ट नहीं लिया जाता ।

(iii) तीन परिचालक सभी 12 मशीनों का परिचालन नियंत्रित करते हैं और प्रति व्यक्ति प्रतिदिन मजदूरी की औसत दर ₹ 600 है तथा उत्पादन बोनस मजदूरी का 10% है ।

(iv) नयी मशीन की वार्षिक बीमा किश्त ₹ 12,600 है ।

(v) नयी मशीन की वार्षिक रखरखाव लागत उपभोग्य स्टोर्स को मिलाकर ₹ 32,500 है ।

(vi) कारखाने का किराया प्रतिमाह ₹ 24,000 है । नयी मशीन 200 वर्ग फीट का क्षेत्र घेरती है एवं अन्य मशीनों द्वारा घेरा गया क्षेत्र 2800 वर्ग फीट है ।

अपेक्षित है :

विस्तृत मशीन घण्टा दर की गणना कीजिए ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(c) 31.03.2019 को ब्राइट लिमिटेड की पूँजी संरचना निम्न प्रकार है :

| | ₹ लाख में |
|---|---|
| समता अंश पूँजी : 7,50,000 समता अंश (₹ 100 प्रति अंश) | 750 |
| संचित उपार्जन | 250 |
| 13.5% पूर्वाधिकारी अंश पूँजी | 240 |
| 12.5% ऋणपत्र | 360 |

वर्तमान बाजार मूल्य प्रति समता अंश ₹ 350 है । विद्यमान चूक जोखिम मुक्त ब्याज दर 6% है तथा बाजार संविभाग पर प्रत्याय की दर 15% है । कम्पनी का बीटा 1.289 है ।

निगम कर की दर 30% है । अंशधारकों की औसत कर दर 25% है तथा दलाली की लागत 2% है जो उन्हें लाभांशों को वैकल्पिक प्रतिभूतियों में निवेश करते समय देनी होती है ।

अपेक्षित है :

पुस्तक मूल्य भारों का प्रयोग करते हुए पूँजी की भारित औसत लागत (WACC) की गणना कीजिए ।

(d) एचटी लिमिटेड की बिक्री ₹ 960 लाख है । विक्रय मूल्य प्रति इकाई ₹ 80 है और परिवर्तनशील परिचालन लागत, विक्रय मूल्य का 75% है तथा औसत लागत प्रति इकाई ₹ 70 है । कोषों की लागत 12% है । औसत वसूली अवधि 75 दिन है, अशोध्य ऋण हानियाँ विक्रय की 4% हैं और वसूली व्यय ₹ 15.60 लाख है । कम्पनी वसूली नीतियों को कठोर बनाने पर विचार कर रही है । दृढ़ वसूली प्रक्रिया के फलस्वरूप, विक्रय के ₹ 920 लाख तक गिरने की आशा है । औसत वसूली अवधि घटकर 60 दिन रह जाएगी और अशोध्य ऋण घटकर बिक्री का 2.5% हो जाएँगे । वार्षिक वसूली व्यय बढ़कर ₹ 22.50 लाख हो जाएँगे ।

अपेक्षित : क्या कम्पनी को यह प्रस्ताव स्वीकार करना चाहिए ?

(वर्ष में 360 दिन मानिए तथा देनदारों में निवेश की गणना कुल लागत पर कीजिए ।)



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

2. (a) एसीई लिमिटेड एक सामग्री 'REX' का प्रयोग करते हुए एक उत्पाद EMM का उत्पादन करती है। EMM की एक इकाई के उत्पादन के लिए 0.80 किग्रा 'REX' की आवश्यकता होती है। कम्पनी के द्वारा संचालित विक्रय पूर्वानुमानों के आधार पर, कम्पनी आने वाले वर्ष में उत्पाद EMM की 45600 इकाइयाँ विक्रय करने में समर्थ होगी। उत्पाद EMM का प्रारम्भिक रहतिया 3150 इकाइयाँ है तथा कम्पनी एक माह की पूर्वानुमानित बिक्री के बराबर अन्तिम रहतिया का स्तर बनाए रखने की इच्छुक है। सामग्री 'REX' से सम्बन्धित सूचनाएँ निम्न प्रकार हैं : 8

| | | |
|---|---|---|
| (i) | क्रय मूल्य प्रति किग्रा | ₹ 25 |
| (ii) | आदेश प्रेषित करने की लागत | ₹ 240 प्रति आदेश |
| (iii) | भण्डारण लागत | 2% प्रति वर्ष |
| (iv) | ब्याज दर | 10% प्रति वर्ष |
| (v) | औसत अग्रता समय | 8 दिन |
| (vi) | न्यूनतम एवं अधिकतम अग्रता समय का अंतर | 6 दिन |
| (vii) | अधिकतम उपयोग | 150 किग्रा |
| (viii) | न्यूनतम उपयोग | 90 किग्रा |

सामग्री 'REX' का प्रारम्भिक रहतिया 2100 किग्रा है तथा अन्तिम रहतिया, प्रारम्भिक रहतिया से 10% अधिक होगा।

अपेक्षित है :

(i) आर्थिक आदेश मात्रा तथा आर्थिक आदेश मात्रा के आधार पर कुल लागत की गणना कीजिए।

(ii) कम्पनी को 2% की छूट मिलती है, बशर्ते एक समय पर REX के आदेश की मात्रा 7500 किग्रा हो। क्या यह प्रस्ताव स्वीकार किया जाना चाहिए ?

(iii) पुनः आदेश स्तर एवं अधिकतम स्तर की गणना कीजिए।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) आर सी निर्माणी कम्पनी अपनी विद्यमान मशीनों में से एक मशीन को CNC मशीन से प्रतिस्थापन करने के लिए एक प्रस्ताव पर विचार कर रही है । इससे सम्बन्धित निम्न सूचनाएँ उपलब्ध हैं : 8

वर्तमान मशीन 3 वर्ष पहले ₹ 15,40,000 में क्रय की गई । इसे सीधी रेखा पद्धति के आधार पर ह्रासित किया गया और इसका शेष उपयोगी जीवन 7 वर्ष है । इस मशीन की स्थापना के छठे वर्ष से इसकी वार्षिक रखरखाव लागत ₹ 40,000 से बढ़ने की संभावना है । इस मशीन का वर्तमान वसूली मूल्य ₹ 6,50,000 है ।

CNC मशीन का क्रय मूल्य ₹ 27,00,000 है और स्थापना व्यय ₹ 95,000 होंगे । स्थापना के प्रथम वर्ष के अन्त में क्रय मूल्य के 15% के बराबर उपदान प्राप्त होगा । इस मशीन पर भी ह्रास की समान दर लागू होगी । इसका 7 वर्ष बाद वसूली मूल्य ₹ 5,70,000 है । CNC मशीन के प्रयोग से वार्षिक नकद परिचालन व्यय ₹ 2,16,000 से कम होने की सम्भावना है । इसके अतिरिक्त, CNC मशीन उत्पादकता को बढ़ायेगी जिसके फलस्वरूप शुद्ध नकद आय प्रतिवर्ष ₹ 2,76,000 से बढ़ जाएगी ।

कम्पनी पर कर की लागू दर 30% है और पूँजी की लागत 11% है ।

अपेक्षित :

शुद्ध वर्तमान मूल्य के आधार पर कम्पनी को परामर्श दीजिए कि विद्यमान मशीन को CNC मशीन से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए या नहीं ?

11% पर वर्तमान मूल्य कारक निम्न हैं :

| वर्ष | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **PV @ 11%** | 0.901 | 0.812 | 0.731 | 0.659 | 0.593 | 0.535 | 0.482 |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (a) के पी लिमिटेड की श्रम से सम्बन्धित सूचनाएँ इस प्रकार हैं : 8

| | कुशल | अर्द्ध-कुशल | अकुशल | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| मानक समूह में श्रमिकों की संख्या | 12 | 8 | 5 | 25 |
| मानक दर प्रति घण्टा (₹) | 75 | 50 | 40 | – |
| वास्तविक समूह में श्रमिकों की संख्या | | | | 25 |
| वास्तविक दर प्रति घण्टा (₹) | 80 | 48 | 42 | – |

समूह का मानक आउटपुट, उत्पाद M की 12 इकाइयाँ प्रति घण्टा है । 2019 के मार्च माह में समूह को 200 घण्टों के लिए लगाया गया जिसमें से 20 घण्टे मशीन की खराबी की वजह से नष्ट हो गए तथा उत्पाद M की 2295 इकाइयों का उत्पादन हुआ । कुशल श्रमिकों की वास्तविक संख्या अर्द्ध-कुशल श्रमिकों की संख्या के दोगुनी थी । कुल श्रम मिश्रण विचरण ₹ 10,800 (A) था ।

आपसे निम्नलिखित गणनाओं की अपेक्षा की जाती है :

(i) प्रत्येक वर्ग के श्रमिकों की वास्तविक संख्या

(ii) श्रम दर विचरण

(iii) श्रम उत्पत्ति विचरण

(iv) श्रम कुशलता विचरण



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) निम्न सूचनाओं का प्रयोग करते हुए पी.क्यू.आर. प्राइवेट लिमिटेड के आर्थिक चिट्ठे को पूर्ण कीजिए : 8

| | | |
|---|---|---|
| (i) | चालू अनुपात | 1.6 : 1 |
| (ii) | रोकड़ एवं बैंक शेष | कुल चालू सम्पत्तियों का 15% |
| (iii) | देनदार आवर्त अनुपात | 12 गुना |
| (iv) | स्टॉक आवर्त (बिक्रीत माल की लागत) अनुपात | 16 गुना |
| (v) | लेनदार आवर्त (बिक्रीत माल की लागत) अनुपात | 10 गुना |
| (vi) | सकल लाभ अनुपात | 20% |
| (vii) | पूँजी दन्तीकरण अनुपात | 0.6 |
| (viii) | ह्रास दर | 15% अवलिखित मूल्य पर |
| (ix) | शुद्ध स्थायी सम्पत्तियाँ | कुल सम्पत्तियों का 20% |

(मानिए कि सभी क्रय और विक्रय साख पर किए जाते हैं ।)

पी.क्यू.आर प्राइवेट लिमिटेड का आर्थिक चिट्ठा (31.03.2019 को)

| दायित्व | | ₹ | सम्पत्तियाँ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | | 25,00,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ : | | |
| संचय एवं आधिक्य | | ? | प्रारम्भिक अवलिखित मूल्य | ? | |
| 12% दीर्घकालीन ऋण | | ? | घटाओ : ह्रास | ? | ? |
| चालू दायित्व : | | | चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| लेनदार | ? | | स्टॉक | ? | |
| प्रावधान एवं बकाया व्यय | ? | 68,50,000 | देनदार | ? | |
| | | | रोकड़ एवं बैंक शेष | ? | ? |
| कुल योग | | ? | कुल योग | | ? |



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

4. (a) मनाली में एक होटल संचालित करने वाले मेसर्स मूनलाइट कं. के मालिक द्वारा निम्नलिखित सूचनाएँ प्रदान की गईं । आपसे अनुरोध किया जाता है कि उन्हें ग्राहक से प्रतिदिन वसूल किए जाने वाले किराए के बारे में परामर्श दें जिससे कि वह ब्याज को छोड़कर लागत पर 20% लाभ अर्जित कर सकें । **8**

(i) कर्मचारियों का वेतन ₹ 4,00,000.

(ii) कमरे के परिचारक का वेतन ₹ 10 प्रतिदिन है । वेतन प्रति दिन के हिसाब से दिया जाता है तथा कमरे के परिचारक की सेवाओं की आवश्यकता तभी होती है जब कमरा अधिग्रहित हो । हरेक कमरे के लिए एक कमरा परिचारक है ।

(iii) प्रकाश, हीटिंग एवं पावर :

(a) एक कमरे का सामान्य प्रकाश व्यय ₹ 250 है यदि वह पूरे माह अधिग्रहित रहता है ।

(b) पावर सिर्फ शीत ऋतु में ही इस्तेमाल होती है और सामान्य व्यय ₹ 100 प्रति माह प्रति कमरा है यदि कमरा अधिग्रहित रहता है ।

(iv) इमारत का मरम्मत व्यय ₹ 50,000 प्रति वर्ष है ।

(v) चादरों आदि का व्यय ₹ 24,000 प्रति वर्ष है ।

(vi) अन्य ₹ 70,770 प्रति वर्ष है ।

(vii) आन्तरिक सजावट एवं फर्निशिंग ₹ 50,000 प्रति वर्ष ।

(viii) इमारत की लागत ₹ 20,00,000, ह्रास की दर 5%.

(ix) अन्य उपकरण ₹ 5,00,000, ह्रास की दर 10%.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(x) इमारत और उपकरण में ₹ 25,00,000 के निवेश पर ब्याज 5% की दर से वसूल किया जाता है ।

(xi) होटल में 200 कमरे हैं तथा ग्रीष्मकाल में 90% एवं शीतकाल में 40% कमरे सामान्यतः अधिग्रहित रहते हैं । आप ग्रीष्मकाल और शीतकाल, प्रत्येक को छः माह का मानिए । एक माह में 30 दिन मानिए ।

(b) 31.03.2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए, विकल्प लिमिटेड आपको निम्न सूचनाएँ उपलब्ध कराती हैं : 8

| | राशि (₹) |
|---|---|
| ब्याज एवं कर से पूर्व अर्जन | 28,80,000 |
| घटाया : दीर्घकालीन ऋणों पर ब्याज @ 12% | 2,70,000 |
| ऋणपत्रों पर ब्याज @ 10% (ऋणपत्र 01.08.2018 को जारी किए गए) | 3,60,000 |
| कर से पूर्व अर्जन | 22,50,000 |
| घटाया : कर @ 30% | 6,75,000 |
| कर के बाद अर्जन | 15,75,000 |
| 6,30,000 समता अंश (₹ 10 प्रति समता अंश) | |
| वर्तमान बाजार मूल्य प्रति अंश | 24 |
| अवितरित संचय एवं आधिक्य | 60,50,000 |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

कम्पनी को अपने संयंत्रों के आधुनिकीकरण के लिए ₹ 30,00,000 जुटाने की आवश्यकता है और कोषों को जुटाने के लिए निम्न विकल्प उपलब्ध हैं :

(i) पूरी राशि की व्यवस्था 13% दीर्घकालीन ऋण से, या

(ii) आंशिक राशि 75,000 समता अंश @ ₹ 20 प्रति अंश जारी करके और शेष राशि 11 % ऋणपत्रों के द्वारा ।

कम्पनी आधुनिकीकरण के फलस्वरूप विनियोजित कोषों पर प्रत्याय की दर में 3% अभिवृद्धि की आशा रखती है तथा यदि ऋण-समता अनुपात (ऋण/ऋण + समता) 45% से अधिक होता है तो मूल्य-अर्जन अनुपात 15% से कम हो जाता है ।

अपेक्षित है : यदि कम्पनी समता अंश के बाजार मूल्य के अधिकतमीकरण की कार्यनीति अपनाती है तो उसे किस विकल्प का चयन करना चाहिए ?

5. (a) लागत नियंत्रण एवं लागत कटौती के अन्तर को स्पष्ट कीजिए । 4×4 =16

(b) उपकार्य लागत विधि और समूह लागत विधि में अंतर कीजिए । ऐसे तीन उद्योगों का नाम बताइए जहाँ ये प्रयोग की जाती हैं ।

(c) एक मुख्य वित्तीय अधिकारी के कार्यों की व्याख्या कीजिए ।

(d) रोकड़ प्रवाह विवरण एवं कोष प्रवाह विवरण के किन्हीं चार अन्तर को लिखिए ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

6. (a) वेवेल लिमिटेड के 31-03-2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लागत लेखों के अनुसार ₹ 1,18,500 की शुद्ध हानि दिखाई गई है। खातों के दोनो सैटों को जाँच करने के पश्चात् निम्न सूचनाएँ स्पष्ट हुई हैं : 8

| | | राशि (₹) |
|---|---|---|
| कारखाना उपरिव्यय अति अवशोषित लागत लेखों में | | 32,500 |
| प्रशासनिक उपरिव्यय अल्प अवशोषित लागत लेखों में | | 38,250 |
| ह्रास का चार्ज वित्तीय लेखों में | | 4,55,800 |
| ह्रास की वसूली लागत लेखों में | | 4,99,700 |
| अप्रचलन से हानि का चार्ज वित्तीय लेखों में | | 11,400 |
| आयकर प्रावधान वित्तीय लेखों में | | 32,650 |
| निवेश पर ब्याज जो लागत लेखों में सम्मिलित नहीं है | | 96,000 |
| स्टोर्स समायोजन (जमा) वित्तीय लेखों में | | 12,800 |
| प्रारम्भिक रहतिया का मूल्य : | लागत लेखों में | 18,85,600 |
| | वित्तीय लेखों में | 19,62,500 |
| अन्तिम रहतिया का मूल्य : | लागत लेखों में | 21,15,800 |
| | वित्तीय लेखों में | 21,98,900 |
| अभ्यारोपित किराया चार्ज लागत लेखों में | | 1,80,000 |
| विक्रय एवं वितरण व्यय जिन्हें लागत लेखों में चार्ज नहीं किया गया | | 72,450 |
| प्रधानमंत्री राहत कोष में दान | | 11,000 |
| फर्नीचर के विक्रय पर हानि | | 7,250 |
| डूबत ऋण अपलिखित | | 18,300 |

अपेक्षित है :

समाधान विवरण तैयार कीजिए और वित्तीय लेखों के अनुसार लाभ या हानि दिखाइए।



© The Institute of Chartered Accountants of India

 **Marks**

(b) निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर XYZ लिमिटेड के लिए आवश्यक कार्यशील पूँजी की राशि की गणना कीजिए : 8

| लागत की मदें | प्रति इकाई (₹) |
|---|---|
| कच्ची सामग्री | 80.00 |
| प्रत्यक्ष श्रम | 30.00 |
| उपरिव्यय | 60.00 |
| कुल लागत | 170.00 |
| लाभ | 30.00 |
| विक्रय | 200.00 |

कच्ची सामग्री औसतन एक माह की स्टॉक में रहती है । सामग्री औसतन आधा माह प्रक्रिया में रहती है (पूर्णता की मात्रा 50%), तैयार माल का स्टॉक औसतन एक माह के लिए है । आपूर्तिकर्ताओं द्वारा एक माह की साख प्रदान की जाती है तथा देनदारों को दो माह की साख प्रदान की जाती है । मजदूरी के भुगतान में समय अन्तराल 1½ सप्ताह है । उपरिव्ययों के भुगतान में समय अन्तराल एक माह है । विक्रय का 1/4 रोकड़ के बदले बेचा जाता है ।

रोकड़ शेष और बैंक शेष ₹ 50,000 बनाए रखने की आशा की जाती है ।

आपसे अपेक्षा की जाती है कि 52,000 इकाइयों के उत्पादन के क्रियाशीलता के स्तर को वित्त प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यशील पूँजी को दर्शाते हुए विवरण तैयार कीजिए । मानिए कि उत्पादन पूरे वर्ष समान रूप से किया जाता है तथा मजदूरी एवं उपरिव्यय समान रूप से होते हैं । गणना के उद्देश्य से एक माह में चार सप्ताह तथा एक वर्ष में 52 सप्ताह लिए जा सकते हैं ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

7. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए : 4×4 =16

(a) श्रम आवर्त को न्यूनतम करने हेतु उठाये जाने वाले सुधारात्मक कदमों का वर्णन कीजिए ।

(b) वित्तीय पट्टे एवं परिचालन पट्टे के मध्य अन्तर कीजिए ।

(c) "परिचालन जोखिम का सम्बन्ध लागत संरचना से है, जबकि वित्तीय जोखिम का सम्बन्ध किसी व्यावसायिक संस्थान की पूँजी संरचना से है ।" कथन की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए ।

(d) निम्न की व्याख्या कीजिए :

(i) ऋण प्रतिभूतिकरण

(ii) समरूप लागत

(e) किन स्थितियों में लोचदार बजट उपयुक्त होते हैं ?

---



© The Institute of Chartered Accountants of India